पटना के घाट पर हम हुं अरघिया देबई हे छठ मईया

दानापुर (आससे)।...पटना के घाट पर हमहूं ऽ अर्घ्या देबई हे छठी मईया ऽ हम ना जाईब दोसर घाट देखब हे छठी मईया ऽ... भूल चूक हमरो मइया ऽ रखब् ना ध्यानियां देखब हे छठी मईया... ऽऽ हमरो अरघिया लेहब मान...देखब हे छठी मईया ऽऽ , देखब हे छठी मइया ऽऽ... ऽऽ हरि ? ऽ सूर्याय नमः ऽऽ केलवा के पात पर उगेलन सुरुज देवा झांके झूंके... ऽ कांच ही बांस के बहंगियां, बहंगी लचकत जाए... ऽ उठा सुरुज भइले विहान ऽ... दर्शन दीही ना अपन , हो दीनानाथ... ऽऽ नदियां के तीरे तीरे आइल... छठी मैया सेवक तोहार... ऽऽ छठी मइया आई ना दुआरिया... पहिले पहिले हम कइली , छठी मैया व्रत तोहार... ऽऽ... हे गंगा मइया... मांगी ला हम वरदान ओ गंगा मइया,,, ऽऽ अहे शिव के दुलारी गंगा , निर्मल धार हे ऽऽ, हो दीनानाथ ऽ हो दीनानाथ ... आठ ही काठ के कोठरियां ऽ हो दीनानाथ...ऽ अब छठी होखा ना सहाय ... ऽऽ कार्तिक मास के अंजोरिया... कोपी - कोपी बोलेली छठी मैइया , सुना हो सेवक लोग,,ऽ आदि जैसे लोक प्रचलित छठ पूजा महिमा की पारंपरिक गीतों से समूचा दानापुर नगर गुंजायमान हो उठा है। ऐसे इन लोक प्रचलित छठ पूजा गीतों की सामूहिक गायन के साथ छठ व्रतियों , सूर्योपासको व भक्तजनों द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के चार दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण किए जा रहे हैं। यहां पूरे वातावरण में गुंजती लोक प्रचलित गीतों के संग मानो अब सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा के अपार हर्षोल्लास में पूरा नगर-डगर समेत आसपास के इलाका डूब चुका है।

अपने बिहारी माटी की पौराणिक सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा के चार दिवसीय अनुष्ठान के आज दूसरे दिन सूर्य उपासकों, छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं ने संध्या काल में भगवान भास्कर को नमन करते हुए विधिवत खरना सम्पन्न किये गए। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तजनों में खीर - रोटी का पावन प्रसाद वितरण किए गए। और , इसके संग सूर्य उपासकों, व्रतियों के द्वारा छत्तीस घंटे का कठिन निर्जला उपवास प्रारंभ हो



गया। इससे पहले खरना अनुष्ठान को लेकर दानापुर नगर स्थित नासरीगंज घाट, रामजीचक घाट,नारियल घाट, गुरूद्वारा घाट,पीपापुल घाट, कचहरी घाट, शाहपुर - दाउदपुर घाट सहित अन्य गंगा घाटों पर पावन स्नान करने के लिए छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ सुबह से दोपहर बाद तक देखी गई। इस चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को उपासकों व व्रतियों के द्वारा पहला अर्घ्य दान किया जाएगा। फिर, चौथे दिन सोमवार को व्रतियों व सूर्योपासको द्वारा उदयीमान भगवान भाष्कर को अर्घ्यदान अर्पित कर पारण के संग विधिवत छठ पूजा सम्पन्न हो जाएगा।

इस पावन अवसर पर यहां शहर में काफी चहलपहल के बीच उत्सवी हर्षोल्लास छाया है। यहां के प्रमुख सदर बाजार, पेठिया बाजार आदि सहित अन्य बाजारों में छठ पूजन सामग्रियों व फल - फूल की विशेष दुकानें सजीं हुई है। जहां खरीददारी करने के लिए रातभर लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

इस अवसर पर समूचा दानापुर नगर सहित आसपास के इलाकों में छठ पूजा की भक्तिमय उत्सवी माहौल से चप्पा चप्पा सुभाषित हो चुका है। पूरे नगर में लोगों का ध्यान पवित्रता - स्वच्छता पर केंद्रित है। आम सड़कों से लेकर घाटों तक के पहुंचने वाले सभी रास्तों की साफ सफाई अभियान लगातार जारी है। नगर के हरेक मुहल्लों की विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा अपने अपने इलाके को आकर्षक रूप से रंग बिरंगी विद्युत रौशनी से सजाया-संवारा गया है। छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के अभिनंदन में यहां के सभी प्रमुख चौक चौराहे पर छोटे बड़े तोरण द्वार भी बनाये गए हैं। विभिन्न पूजा समितियों के लोग स्वयं सेवकों की भूमिका निभाने में जुटे हुए हैं। लोगों में परस्पर सहयोग की भावना से व्रतियों - श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष रूप से ध्यान दिये जा रहे है। इस दौरान प्रशासनिक स्तर पर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व विधि व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध करने के लिए सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। गंगा नदी से लेकर मुख्य सड़कों व चौक चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों व दंडाधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। वही गंगा नदी में एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ टीम के साथ ही नावों एवं गोताखोरों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष कई जगहों में बनाए गए हैं।

सभी जिलों में एक महत्वपूर्ण पुल का नाम 'नीतीश सेतु' रखा जाये

फुलवारी शरीफ. कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा सेतु का नाम 'नीतीश सेतु' किए जाने के फैसले का ग्रेटर पटना



फाउंडेशन के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह स्वराज ने स्वागत किया है. उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बिहार के सभी जिलों में कम से कम एक महत्वपूर्ण पुल का नाम 'नीतीश सेतु' रखने की मांग की है. नागेश्वर सिंह स्वराज ने कहा कि नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार में सड़क, पुल, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं. उन्होंने सामाजिक समरसता और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को भी महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि पुल केवल दो किनारों को जोड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यापार, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाने का जरिया हैं. ऐसे में नीतीश कुमार के नाम पर सेतु का नामकरण विकास और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक होगा. उन्होंने इस निर्णय के लिए बिहार सरकार और एनडीए गठबंधन के प्रति आभार जताया.

छठ पर रामकृपाल ने किया 501 व्रतियों में पूजन सामग्री का वितरण

दानापुर (आससे)। सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना के अवसर पर



सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर सिंह एवं समाजसेवी श्रीमती पूनम देवी के द्वारा 501 छठ व्रतियों व सूर्योपासको में पूजन सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर पूजन सामग्रियों को लेने के लिए वितरण स्थल पर व्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। छठ व्रतियों को सूप, नारियल, अगरबत्ती, गागर नींबू, ईख के सहित अन्य पूजा सामग्रियों का भाजपा नेता शंकर सिंह के सौजन्य से भाजपा नेता मनोज सिंह, ब्रजेश सिंह, उपेन्द्र सिंह, पप्पू मालाकार के अलावा कई विशिष्ठ लोगों ने वितरण किया। इस मौके पर भाजपा नेता शंकर सिंह ने कहा कि हर साल छठ पूजा के अवसर पर अपने घर के समक्ष छठ व्रतियों में सूप व पूजन सामग्रियों का वितरण करते रहे। इस बार भी मैनपुरा में 501 छठ व्रतियों के बीच छठ पूजा के उपयोग में आने वाले सामानों का वितरण किया गया है।

छठ महापर्व पर ससुराल पहुंचे मुख्यमंत्री खरना का प्रसाद किया ग्रहण

पटना सिटी (आससे)। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



शनिवार को मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार पटना सिटी के चैनपुरा स्थित अपने ससुराल पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री की सासू मां छठ व्रत कर रही हैं। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री खरना का प्रसाद ग्रहण किया।

बताते चले कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शाम करीब 5:30 बजे चैनपुरा ससुराल पहुंचने जहां परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने छठ व्रत के अनुष्ठान में शामिल होकर परिवार के साथ खरना का प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री करीब 40 मिनट तक अपने ससुराल में रुके। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्य भी छठ पूजा की तैयारियों व धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल रहे। घर में छठ पर्व को लेकर पारंपरिक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पटना नगर निगम के कमिश्नर, पटना सिटी की एसडीओ कशिश बक्शी,बुडको के अधिकारी भी उनके साथ पहुंचे थे।

छठव्रतियों ने किया खरना

पटना सिटी (आससे)। सूर्योपासना पर्व छठ का अनुष्ठान में शनिवार को व्रतियों ने दिनभर



उपवास रह शाम को खरना किया, साथ ही खीर व रोटी का प्रसाद ग्रहण करने के बाद 36 घंटे का निराहर उपवास आरंभ हो गयी।. व्रतियों की ओर से रविवार को संध्या अर्घ्य व सोमवार को प्रातकालीन अर्घ्य अर्पित की जायेगी। इससे पहले.

खरना के लिए व्रतियों की भीड़ गंगा घाटों पर स्नान के लिए जुटी थी।. महावीर घाट पर पुष्पांजलि कला मंदिर के सदस्यों ने व्रतियों की सेवा की,. इसी प्रकार से केशव राय घाट पर नन्हकी मिश्र की देखरेख में, भद्र घाट पर पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा,मिथिलेश कुमार शर्मा, शशि शर्मा की देखरेख में व्रतियों के लिए तैयारी की गयी है, इसके अलावा अन्य गंगा घाटों पर भी पूजा समिति के सदस्यों की ओर से तैयारी की गयी है. इस दौरान व्रतियों की सेवा में संगठनों से जुड़े लोग भी जुटे थे।

छठ व्रतियों में संगठनों ने बांटी पूजन सामग्री

पटना सिटी (आससे)। छठ पर संगठनों की ओर से भी पूजन सामग्री का वितरण किया गया। महापौर सीता साहू ने बड़ी पटनदेवी महाराजगंज आवास पर पूजन सामग्री बांटी। इससे पहले खरना



के अवसर पर पल्लवी कॉलोनी शिव शक्ति नगर चौराहा बाजार समिति में श्री छठ पूजा समिति नव चेतना मोर्चा के संयोजक मनीष गुप्ता के सौजन्य से 201 छठवृत्तियों के बीच सूप , साड़ी,नारियल ,फल ,हवन सामग्री इत्यादि वितरण किया गया । वितरण कार्य की शुरुआत मोर्चा के संयोजक मनीष गुप्ता ने करते हुए कहा कि हर वर्ष लोक आस्था के पर्व में मोर्चा करते आ रही हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमरनाथ ठाकुर,विजेंद्र यादव ,अरुणदेव ,चंदन गुप्ता ,सतेंद्र मेहता ,बिट्टू मेहता ,राजेश सरदार ,छोटेलाल जी ,अमन सिन्हा, मसूधन मेहता ,सुमन पासवान,नीरज रजक ,मोनू कुमार इत्यादि शामिल रहे। केशव राय घाट स्थित चौधरी भवन में नव युवक विकास सेवा समिति ने पूजन सामग्री बांटी. आयोजन में पूर्व मुख्य सफाई निरीक्षण कृष्ण नारायण शुक्ला,वीरेंद्रनाथ विभावसु, वरीय पत्रकार रवि कांत शुक्ला के हाथों सामग्री वितरण हुई.। आयोजन में मनोज स्वर्णकार, अशोक झुनझुनवाला, संजय स्वर्णकार, अजय कुमार पप्पू, जितेंद्र जायसवाल, गौरीशंकर मिश्र ननकी, रेणु जायसवाल, अशोक जायसवाल, भरत प्रसाद, शुभम कुमार, नवल यादव, सतीश सिन्हा, प्रद्युम्न मोनू, जितेंद्र यादव, उमाशंकर यादव, संजय गुप्ता, रॉकी समेत अन्य थे।

छठ पर शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि देकर किया याद

फुलवारी शरीफ. पटना के मीठापुर पुरानी बस स्टैंड के पास न्यू बंगाली टोला, चाणक्य लॉ कॉलेज के निकट मेन रोड स्थित श्री श्री नवयुवक संघ छठ पूजा समिति की ओर से शनिवार को लोक गायिका स्वर्गीय शारदा सिन्हा को याद करते हुए



श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने कहा कि शारदा सिन्हा और छठ महापर्व एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं. उनके छठ गीतों के बिना महापर्व की रौनक अधूरी लगती है. उनके मधुर और पारंपरिक गीतों ने छठ पर्व को देश-विदेश में एक अलग पहचान दिलाई है. आज भी छठ के मौके पर उनके गीत हर घर और घाट पर गूंजते हैं. समिति की ओर से छठ पूजा के अवसर पर सुबह में श्रद्धालुओं के बीच छठ पूजा सामग्री का वितरण किया गया. वहीं पहले अर्घ्य के बाद संध्या में बनारस से आए पंडितों द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. वर्ष 2007 में स्थापित श्री श्री नवयुवक संघ का इस वर्ष 19वां छठ महोत्सव आयोजित हो रहा है. आयोजन को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष रवि कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव राजेश कुमार सोनी सहित अजय कुमार, संदीप कुमार, गौतम कुमार और सनी कुमार सक्रिय रूप से जुटे हैं.

प्रतिमा का अनावरण होते ही उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

फुलवारी शरीफ. पुनपुन नदी के उत्तर वाहिनी पावन तट पर बसे मंदिरों के गांव फतेहपुर में लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर शनिवार की शाम भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला. भगवान सूर्य नारायण देव की प्रतिमा के प्रथम दर्शन और अनावरण को लेकर हजारों श्रद्धालु पहले से ही सूर्य कला मंदिर परिसर में जुटे हुए थे. जैसे ही शुभ मुहूर्त में भगवान सूर्य नारायण देव की प्रतिमा का अनावरण हुआ, पूरा इलाका भजन-कीर्तन और भगवान सूर्य देव के जयघोष से गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर भगवान भास्कर का दर्शन किया और परिवार की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की. शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. चारों ओर भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना रहा. सूर्य कला मंदिर में भगवान सूर्य नारायण देव की विशेष पूजा-अर्चना आचार्य कमलेश शुक्ला के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गई. पूजा के बाद शाम 7:45 बजे प्रतिमा के प्रथम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ गई. मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग



से सजाया गया था. प्रतिमा के अनावरण के साथ ही भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हो गया. आयोजन समिति की ओर से रातभर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है.

आचार्य कमलेश शुक्ला ने बताया कि फतेहपुर में भगवान सूर्य नारायण देव की पूजा की परंपरा वर्ष 1962 से चली आ रही है. उनके दादाजी स्वर्गीय नगीना शुक्ला ने इस धार्मिक परंपरा की शुरुआत की थी. उनके निधन के बाद पिछले करीब 15 वर्षों से वे स्वयं पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ पूजा की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि गांव के लोगों का भरपूर सहयोग और सम्मान मिलता है. यही वजह है कि छह दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह धार्मिक परंपरा निरंतर कायम है.

सूर्य कला मंदिर के अध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर दुर्गा पूजा से पहले ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं. मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. उन्होंने बताया कि रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के अवसर पर भी हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है. फतेहपुर में छठ महापर्व के दौरान वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा, लोक आस्था और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है.

आफताब आलम ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

फुलवारी शरीफ. छठ महापर्व को लेकर नगर परिषद फुलवारी शरीफ क्षेत्र में घाटों पर तैयारियों के बीच निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद आफताब आलम अपने समर्थकों के साथ विभिन्न छठ घाटों के निरीक्षण के लिए निकले. उन्होंने



फुलिया टोला, भुसौला दानापुर भुसौला चक सहित कई घाटों पर पहुंचकर साफ-सफाई, रोशनी और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

इस दौरान आफताब आलम ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर घाटों की स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था का बड़ा पर्व है. इसमें व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए इसके लिए वह अपने स्तर से भी पूरा प्रयास रत हैं. घाटों पर पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सविधाजनक तरीके से भगवान सर्य को

न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बाढ़ (पटना)
भूमि विवाद निराकरण वाद
संख्या-13/2026-27
श्री अशोक कुमार
बनाम
श्री सीताराम मांझी एवं अन्य
नोटिस बनाम

(1) श्री सिताराम मांझी, पिता-स्व. सिबू मांझी (2) श्री जागेश्वर मांझी, पिता-स्व. साजन मांझी (3) श्री नन्दे मांझी, पिता-स्व. कालीचरन मांझी (4) श्री वोदी मांझी, पिता-स्व. बचकून मांझी (5) श्री मातेश्वर मांझी, पिता-स्व. छोटे मांझी (6) श्री सुरेश मांझी, पिता-स्व. छोटे मांझी (7) चांद मियां, पिता-इबरार मियां (8) श्री अमीरक राम, पिता-स्व. शनिचर राम सभी ग्राम+पो.-घोसवरी, थाना-बख्तियारपुर, जिला-पटना।

बजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार, पिता-स्व. शिवदानी प्रसाद, ग्राम-घोसवरी, पो. -घोसवरी, थाना-बख्तियारपुर, जिला-पटना के द्वारा निम्न वर्णित भूमि का बिहार भूमि विवाद निराकरण अधि. नियम-2009 के अंतर्गत वाद दायर किया गया है।

भूमि का विवरण

मौजा-घोसवरी, **थाना**-147, **खाता**-24, **खेसरा**-1262, **रकवा**-9.921 डी.

उक्त वाद की सुनवाई अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 19.11.2026 को अपराह्न 01.00 बजे की जायेगी। उक्त तिथि को स्वयं या वकालतन अपना-अपना पक्ष अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई कर न्यायोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे ताकिद जानें।

ह./-
भूमि सुधार उप समाहर्ता
बाढ़
CM-8079

विश्व मधुमेह दिवस पर एम्स पटना में वॉकाथॉन रैली

फुलवारी शरीफ. विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शनिवार को एम्स पटना के सामान्य चिकित्सा विभाग की ओर से वॉकाथॉन रैली और जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य लोगों को मधुमेह की रोकथाम, समय पर पहचान, उचित उपचार और इससे होने वाली जटिलताओं के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम के तहत वॉकाथॉन रैली प्रशासनिक भवन से शुरू होकर ओपीडी परिसर तक पहुंची. इसमें संस्थान के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सकों, संकाय सदस्यों, नर्सिंग अधिकारियों, अस्पताल एवं प्रशासनिक कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया. रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ



जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और मधुमेह के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने का संदेश दिया गया.

इसके बाद सामान्य चिकित्सा विभाग के ओपीडी परिसर में जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया. इसमें पटना के प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार ने मधुमेह से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों और मिथकों को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर दूर किया. उन्होंने आधुनिक उपचार पद्धति, नियमित जांच, खानपान में सावधानी, शारीरिक गतिविधि और लंबे समय तक मधुमेह को नियंत्रित रखने के उपायों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सही जीवनशैली और समय पर उपचार से मधुमेह से होने वाली गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम किया जा सकता है.

कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम भदानी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. प्रशांत कुमार सिंह, उप निदेशक नीलोत्पल बाल, सामान्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति प्रकाश, सीटीवीएस विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. अमित राज, पीएमआर विभागाध्यक्ष प्रो. संजय पांडेय, न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद राय, त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेतालिना प्रधान, प्रो. रविकिर्ति, डॉ. श्यामा, डॉ. अंजनी, डॉ. संजीव कुमार और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. रथीश नायर सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे.

महागठबंधन के नेताओं ने लिया गंगा घाटों का जायजा

पटना सिटी (आससे)। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए गंगा घाटों पर की गयी तैयारियों का जायजा लेने



शनिवार को महागठबंधन के नेताओं का दल निकला। इससे पहले. महावीर घाट से लेकर कंगन घाट के बीच पूर्व पार्षद सह राजद नेता बलराम चौधरी,पार्षद शोभा देवी,मो जावेद व देवरतन प्रसाद के नेतृत्व में निकले नेताओं ने नौजर घाट मुख्य मार्ग पर नमामि गंगा के चैंबर से नाला का पानी सड़कों बहने पर नाराजगी जतायी.नेताओं ने इसकी जानकारी निगमायुक्त को दी. छठ पूजा समिति के राजा कुमार, संतोष कुमार, सन्नी कुमार, सुनीता देवी, पुष्पा देवी, राजेश यादव, सुबोध सिंह ने बताया कि निगम अजीमाबाद को इसकी जानकारी दी गयी थी. लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका. निरीक्षण के दौरान दुली घाट पर बैरिकेडिंग व घाट पर फैले दलदल की समस्या से एडीएम शशांक कुमार को अवगत कराया गया.

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय-सिविल जज (सीनियर डिवीजन), जनपद-गोरखपुर
वाद संख्या-328/2024
सुदामा प्रसाद बनाम बाबूलाल आदि
बनाम-(26) गीता मिश्र पत्नी नन्दलाल मिश्र खरगीरामपुर सिवान बिहार (29) रमिता राय पत्नी अनूप कुमार राय, ग्राम-बनकटा, तहसील-विजईपुर, जिला-गोपालगंज (बिहार)।

1प्रतिवादिनी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 11 सन् 2026 ई. को बवक्त 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है। कत्तई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 13-11-2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय